राज्य के जलवायु प्रदेश

1. कोपेन के वर्गीकरण के आधार पर जलवायु प्रदेशः

प्रसिद्ध भूगोलवेत्ता डॉ. ब्लादिमीर कोपेन ने वनस्पति के आधार पर विश्व को अनेक जलवायु प्रदेश में विभाजित किया है। उनके वर्गीकरण के आधार पर राज्य को निम्न जलवायु प्रदेशों में बाँटा जा सकता हैं-

❑ Aw (या उष्ण कटिबंधीय आर्द्र) जलवायु प्रदेशः

क्षेत्र : बाँसवाड़ा जिला एवं डूंगरपुर जिले का दक्षिणी भाग।

वार्षिक वर्षा एवं तापमान : वार्षिक औसत वर्षा 80 सेमी. या अधिक। ग्रीम ऋतु में औसत तापमान 30°-34° सेन्टीग्रेड एवं शीतऋतु में 12° से 15° सेण्टीग्रेड तक

वनस्पति : घनी प्राकृतिक वनस्पति । मानसूनी पतझड़वन एवं सवाना तुल्य घास के मैदानों के समान ।

❑ BShw (या अर्द्ध शुष्क या स्टेपी) जलवायु प्रदेश :

क्षेत्र : बाड़मेर, बालोतरा, जालौर, सांचौर, जोधपुर ग्रामीण, नागौर, डीडवाना-कुचामन, चुरू, सीकर, नीमकाथाना, झुंझुनूं आदि जिले ।

वर्षा व तापमान : वार्षिक वर्षा 20-40 सेमी., ग्रीष्म ऋतु में 32° से 35° से. एवं शीत ऋतु में 5°-10° सेन्टीग्रेड । काँटेदार झाड़ियाँ एवं घास व मुख्यतः स्टेपी प्रकार की वनस्पति ।

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

❑ BWhw (या उष्णकटिबंधीय शुष्क) जलवायु प्रदेश :

क्षेत्र : उत्तरी पश्चिमी जोधुपर ग्रामीण, फलौदी, पश्चिमी बाड़मेर, जैसलमेर, पश्चिमी बीकानेर, अनूपगढ़ एवं गंगानगर जिले का दक्षिणी-पश्चिमी भाग। यह विशाल शुष्क मरुस्थलीय भाग है।

वर्षा व तापमान : वर्षा का वार्षिक औसत 10-20 सेमी. तथा तापमान ग्रीष्म ऋतु में 35° सेण्टीग्रेड से अधिक तथा सर्दी में 12°-18° सेण्टीग्रेड। इस क्षेत्र की जलवायु कठोर व शुष्क है यह जलवायु प्रदेश वनस्पति विहीन, बालुका स्तूपों से ढँका हुआ तथा आर्द्रता एवं जल की कमी का क्षेत्र है। वर्तमान में इंदिरा गाँधी नहर ने इस जलवायु प्रदेश की कायापलट कर दी है। इस प्रदेश में वाष्पीकरण की दर तीव्र होती है।

❑ Cwg (या उप आर्द्र) जलवायु प्रदेश :

क्षेत्र : अरावली पर्वतमाला के दक्षिणी-पूर्वी एवं पूर्वी भाग जैसे जयपुर जिले का कुछ भाग, अलवर, कोटपूतली- बहरोड़, खैरथल-तिजारा, भरतपुर, डीग, सवाई माधोपुर, दौसा, करौली, कोटा आदि जिले ।

वर्षा व तापमान : इस जलवायु प्रदेश में वार्षिक वर्षा का औसत 60-80 सेमी. रहता है। ग्रीष्म ऋतु में तापमान 32°-38° सेण्टीग्रेड तथा शीत ऋतु में 14°-16° सेण्टीग्रेड । इस क्षेत्र में चम्बल के बीहड़ पाये जाते हैं।

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

राज्य के जलवायु प्रदेश

2. थार्नवेट का वर्गीकरण :

कोपेन की तरह ही थार्नवेट ने वनस्पति, वाष्पीकरण की मात्रा, वर्षा एवं तापमान के मौसमी एवं मासिक वितरण को आधार लेते हुए जलवायु प्रदेशों का वर्गीकरण किया है। इसके वर्गीकरण के आधार पर राजस्थान में निम्न जलवायु प्रदेश पाये जाते हैं-

CA'w या उप आर्द्र (शुष्क एवं आर्द्र शुष्क) जलवायु प्रदेश :
क्षेत्र : दक्षिण-पूर्वी उदयपुर, सलूम्बर, डूंगरपुर, बाँसवाड़ा, ← झालावाड़, बाराँ एवं कोटा ।

DA'w या उष्ण आर्द्र (अर्द्ध शुष्क) जलवायु प्रदेश :
क्षेत्र : सिरोही, जालौर, अजमेर, ब्यावर, केकड़ी, पाली, बूँदी, चित्तौड़गढ़, सवाई माधोपुर, जयपुर, अलवर, कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, भीलवाड़ा, शाहपुरा, टोंक, भरतपुर, डीग, करौली, सीकर, नीम का थाना, दौसा, झुंझुनूं आदि जिले ।

DB'w या अर्द्ध शुष्क (मिश्रित) जलवायु प्रदेश :
क्षेत्र : गंगानगर, अनूपगढ़, चुरू, बीकानेर एवं हनुमानगढ़ जिलों के अधिकांश भाग।

EA'd या उष्ण शुष्क (या मरुद्भिद) जलवायु प्रदेश :
क्षेत्र : बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, फलौदी, जोधपुर जिलों का पश्चिमी भाग एवं दक्षिण-पूर्वी बीकानेर जिला आदि

Download More PDF's
WWW.RAJASTHANCLASSES.IN

राज्य के जलवायु प्रदेशः

3. ट्रिवार्थी का वर्गीकरणः

प्रो. ट्रिवार्थी ने डॉ. कोपेन के वर्गीकरण को संशोधित कर नया जलवायु वर्गीकरण प्रस्तुत किया है जो अधिक सरल एवं आसानी से समझने योग्य है। इनके वर्गीकरण के आधार पर राजस्थान में निम्न जलवायु प्रदेश हैं-

Aw (उष्ण कटिबंधीय आर्द्र) जलवायु प्रदेश :
क्षेत्र :- बाँसवाड़ा, डूंगरपुर, पूर्वी उदयपुर जिला तथा चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, शाहपुरा व कोटा जिले का दक्षिणी भाग।

Bsh (उष्ण एवं आर्द्ध उष्ण कटिबंधीय स्टेपी तुल्य)जलवायु प्रदेश :
क्षेत्र :- इसमें मुख्य रूप से मध्यवर्ती पश्चिमी एवं उत्तरीराजस्थान के क्षेत्र यथा राजसमंद, सिरोही, उदयपुर, जालौर,सांचौर, दक्षिण-पूर्वी बाड़मेर, पाली, फलौदी, जोधपुर,ब्यावर, अजमेर, चुरू, झुंझुनूं, नागौर, सीकर, गंगानगर,अनूपगढ़, बीकानेर आदि जिले आते हैं।

Bwh (शुष्क मरुस्थली) जलवायु प्रदेश :
क्षेत्र :- राजस्थान के उत्तरी-पश्चिमी एवं पश्चिमी जिले यथा अनूपगढ़, बीकानेर, फलौदी, जैसलमेर, उत्तर-पश्चिमी बाड़मेर आदि जिलों का पाकिस्तानी सीमा से सटा हुआ क्षेत्र ।

Caw (अर्द्ध उष्ण आर्द्र) जलवायु प्रदेश :
क्षेत्र :- इस जलवायु प्रदेश में राज्य के पूर्वी एवं दक्षिणी भाग के जिले यथा जयपुर ग्रामीण के कुछ भाग, कोटपूतली- बहरोड़, दौसा, अलवर, खैरथल-तिजारा, भरतपुर, डीग, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर एवं कोटा जिले आदि शामिल हैं।

राजस्थान सामान्य ज्ञान
वन लाइनर प्रश्न-उत्तर
500+ क्लिक करें एवं पढ़ें

राजस्थान सामान्य ज्ञान
लाइव क्लास की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

लाइव क्लासेज यहां से देखें

Click Here

Click Here

अन्य नोट्स PDF हेतु क्लिक करें

Click Here

हर नोट्स, मॉडल पेपर की लिंक यहां मिलेगी

Click Here